**संख्या-19/853/41-2014-462 सा0/2013**

प्रेषक,

श्याम मोहन तिवारी,
अनुसचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा मे,

**महानिदेशक,**
पर्यटन,
उ0प्र0, लखनऊ ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ:: दिनांक:: 31 मार्च, 2014

**विषय: आयोजनागत पक्ष में विज्ञापन द्वारा प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु धनराशि की स्वीकृति।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर निदेशालय के पत्र संख्या-3690/4-1-1 (बजट)/प्र0/2013, दिनांक-28.03.2014 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में प्रचार- प्रसार मद में व्यवस्थित रू0-600.00 लाख की धनराशि में से विज्ञापन द्वारा प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु रू0-400.00 लाख की धनराशि शासनादेश संख्या- 620/41-2014-462 सा0/2013, दिनांक-04.03.2014 द्वारा स्वीकृत की गयी थी। अत: उक्त कार्य (टी0वी0सी0 कैम्पेन के प्रचार-प्रसार) हेतु द्वितीय किश्त के रूप में रू0-100.00 लाख (रूपये एक करोड़ मात्र) की धनराशि स्वीकृत कर निम्नांकित शर्तो के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय प्रदान करते हैं-

1. वर्तमान में प्रवृत्त लोकसभा निर्वाचन की आचार संहिता को दृष्टिगत रखते हुए रू0- 100.00 लाख की धनराशि के व्यय के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इससे वर्तमान चुनाव आचार संहिता बाधित न हो।
2. उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय सुसंगत नियमों एवं शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

3. यदि कोई धनराशि बचती है तो उसे तत्काल शासन को समर्पित/राजकोष में जमा करायी जायेगी।
4. उक्त धनराशि का व्यय करते समय मितव्ययिता सम्बन्धी सुसंगत शासनादेशों का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3- उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक अनुदान संख्या-44-आयोजनागत-लेखाशीर्षक-3452-पर्यटन-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-03-पर्यटन सूचना और प्रचार-19 विज्ञापन, बिक्री और विख्यापन व्यय के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या-ई-7-539/दस-2014, दिनांक-31 मार्च, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

**भवदीय,**

**श्याम मोहन तिवारी**
**अनुसचिव**

**<u>संख्या- 19/853 (1)/41-2014 तददिनांक</u>**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. प्रधान महालेखाकार (सिविल) आडिट, उत्तर प्रदेश, सत्यनिष्ठा भवन, 15ए, दयानन्द मार्ग, इलाहाबाद।
2. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
4. निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
5. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7
6. गार्ड फाइल।

**आज्ञा से,**

**श्याम मोहन तिवारी**
**अनुसचिव**

http://shasanadesh.up.nic.in